## स्पीड न्यूज

### मौसमजनित रोगों से लोग सावधानी बरतें : सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार



मेदिनीनगर। वर्षा के समय में कई मौसमजनित रोग स्वतः उभरते हैं जिसके शिकार आमलोग हो जाते हैं। इस मौसम में मलेरिया, फाईलेरिया, डायरिया, सर्पदंश जैसे कई मौसम जनित रोग हैं जिसके चपेट में लोग आ जाते हैं। इसे लेकर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने पीएमसीएच अस्पताल अधीक्षक कार्यालय में प्रेस वार्ता किया। उन्होंने कहा कि वर्षा के समय में जल जमाव हो जाने के कारण मलेरिया, फलेरिया, डेंगु के मच्छर उत्पन्न होते हैं। इस पर लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। अपने घर प्रतिष्ठान व सार्वजनिक स्थलों पर हो रहे जल जमाव को रोकें। तभी जाकर इन रोगों से काफी हद तक निजात पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मलेरिया रोग से बचने के लिए लोग पूरी तरह सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि मच्छर के काटने से ही फलेरिया होता है। इसके रोकथाम के लिए फलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम जिला स्तर पर चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फलेरिया उन्मूलन को लेकर पलामू जिला में 19 लाख लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें दो वर्ष उम्र से उपर वाले लोगों को दवा खिलाया जाता है। इसकी सफलता के लिए 2250 टीम बनाया गया है। इसमें 328 लोग दवा खिलाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्षा के समय में सर्पदंश के मामले अत्यधिक आते हैं इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। पलामू जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में सर्पदंश की दवा उपलब्ध है। 1332 सर्पदंश की सूई उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद में 14, छतरपुर में छह, पांकी में तीन, लेस्लीगंज में तीन, विश्रामपुर में चार सर्पदंश के मरीज पाये गये। जिनका उपचार कर ठीक किया गया। प्रेस वार्ता में डॉ अनुप व अन्य शामिल थे।

### आंगनबाड़ी सुचारू रूप से चलायें सेविका अन्यथा होगी कड़ी कारवाई : बीडीओ



पाटन पलामू। पाटन बीडीओ अमित कुमार झा द्वारा लगातार आंगनबाड़ियों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। कई आंगनबाडियों में बच्चों की उपस्थिति शून्य अथवा एक दो की संख्या में पाई गई। जो कि अत्यंत खेदपूर्ण है। वहीं उपस्थिति पंजी में देखने से औसत उपस्थिति 20 से 25 लगातार दिखाई जाती है, जो की फर्जी उपस्थिति दर्ज करने की शंका का बोध करवाता है। वहीं भोजन भी सुचारू रूप से नहीं बनाया जा रहा है। ऐसे में स्पष्ट प्रतीत होता है कि कुछ आंगन बड़ी सेविकाएं पूरी तरह से मनमानी कर रही हैं और सरकारी तंत्र का पूर्ण दुरुपयोग कर रहीं हैं। दो आंगनवाड़ी सेविकाओं को अब तक लिखित स्पष्टीकरण मांग की जा चुकी है। संतोषप्रद उत्तर नही होने पर सेवा समाप्ति की अनुशंसा कर दी जाएगी।

### जनसंघ मोर्चा की बैठक कल



पाटन पलामू। जनसंघर्ष मोर्चा पाटन पलामू की बैठक 28 जुलाई दिन रविवार सुबह 7 बजे किशनपुर काली मंदिर के प्रांगण में बुलाई गई है। मोर्चा के अध्यक्ष उमेश सिंह ने कहा कि इस बैठक में जनसंघर्ष मोर्चा के सभी सदस्यों को उपस्थित होने की अपील की गई है।

### पोलपोल कारगिल शहीद स्मारक पार्क में मनाया गया कारगिल विजय दिवस



मेदिनीनगर। पोल पोल स्थित कारगिल शहीद स्मारक पार्क में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कारगिल शहीद स्मारक पार्क में लगे शहीद युगम्बर दीक्षित एवं शहीद हवलदार प्रबोध महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि आज के दिन देश के वीर सैनिकों के साहस एवं बलिदान को याद किया जाता है, जिन्होंने देश की सुरक्षा एवं संप्रभुता की रक्षा की। मौके पर पोल पोल पंचायत की मुखिया पुष्पा देवी, अरविंद गुप्ता, संजू शुक्ला, आयुष, सर्वेश्वरी मंगलम नंदलाल विश्वकर्मा, ओम प्रकाश तथा वर्ग नवम एवं दशम के छात्र क्रमशः सलोनी, स्नेहा, कोमल, लक्ष्मी, खुशबू मिश्रा, नेहा कुमारी प्रशांत, रंजन तिवारी महादेव कुमार गोपाल मयंक सूरज किशन राजहंस कुणाल सिंह, विवेक ऋतिक विष्णु सुजल रोशन ऋषिका वंदना, प्रियंका, शशि, ब्यूटी, अपेक्षा, निखिल, सुहाना, सुषमा, पूर्णिमा, अंतिका, विवेक, प्रशांत, संजीव, कौशल, अश्विनी ,पवन, पंकज, आशीष, आयुष, दिव्यांशु, श्याम, सौरभ सहित सैकड़ो बच्चे उपस्थित थे।

### डीएवी प्रबंधन ने करोड़ों विद्यार्थियों में भर रहा है देशभक्ति की भावना : के एन सिंह



मेदिनीनगर। एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में 25वां कारगिल विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में मुख्य अतिथि के एन सिंह पूर्व सैनिक उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य सह डॉ जी एन खान ने वरिष्ठ शिक्षकों के साथ शहीदों की याद में दीप जलाकर एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आठवीं कक्षा की वैभवी ने शहीदों के सम्मान में कविता पाठ प्रस्तुत किया। इसके बाद अन्नया और रिया नवम कक्षा की छात्राओं ने कारगिल विजय दिवस पर एक सुंदर भाषण प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुक्त कर दिया। इस अवसर पर बोलते हुए पूर्व सैनिक कामाख्या नारायण सिंह ने कहा कि डीएवी विद्यालयों में इस तरह के आयोजन और बच्चों की भावपूर्ण प्रस्तुति अत्यंत सराहनीय है। प्रतिस्पर्द्धा में बच्चों के अंदर मानव मूल्य देशभक्ति की भावना एवं शहीदों के प्रति सम्मान प्रदर्शन जैसे गुण को छात्रों के अंदर विकसित करने का डी.ए.वी का यह प्रयास सराहनीय हैं। प्राचार्य डॉ जीएन खान ने कहा कि कारगिल युद्ध के नायक सौरभ कालिया एवं विक्रम बत्रा ने अपने अपूर्ण व अदम्य साहस का परिचय देते हुए अंतिम सांस तक युद्ध किया और शत्रु को भारी क्षति पहुंचाई। ये दोनों ही डीएवी के पूर्व छात्र थे। संचालन शिक्षिका सुदेशना राय ने किया तथा कार्यक्रम संयोजक शिक्षक कन्हैया राय थे। इस अवसर पर शिक्षक आलोक कुमार, चंद्रशेखर पांडे, नीरज कुमार श्रीवास्तव, अंबरीश पांडे, विक्रम रॉय, अनंत पाठक, प्रियंवदा मिश्रा, अनु चक्रवर्ती उपस्थित थीं।

### ओबीसी एकता अधिकार सह न्याय रथ यात्रा पहुंचा पांडु बाजार



पांडू पलामू। ओबीसी एकता अधिकार मंच, झारखंड प्रदेश के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बी डी प्रसाद के नेतृत्व में रांची से चलकर ओबीसी एकता अधिकार सह न्याय रथ यात्रा पलामू जिला के पांडू प्रखंड दरुआ, तिसीबर, कजरू कला गांव होते हुए पाण्डु बाजार में पहुंचा। मौके पर रफी नश्तर ने कहा कि झारखंड अलग होने के बाद यहां पिछड़ा एवं ओबीसी आबादी 60% से अधिक है फिर भी सामाजिक आर्थिक आधार पर ओबीसी को एकमात्र 14% आरक्षण की व्यवस्था लागू की गई है जो उचित नहीं है। झारखंड में रहने वाले पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्ग के द्वारा जातीय जनगणना के आधार पर 52% आरक्षण की मांग के समर्थन की आवाज उठानी जरूरी है। महफूज ने कहा कि चाहे वह सरकारी संस्था हो या गैर सरकारी संस्था सभी में 52% आरक्षण की व्यवस्था हो। मौके पर अरविंद कुमार, मनोज व अन्य लोग मौजूद थे।

## पांकी विस क्षेत्र के कोई भी गांव सड़क विहीन नहीं रहेगा : विधायक डॉ शशिभूषण मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता





**तरहसी पलामू।** तरहसी प्रखंड के सेलारी कोद्रा खाला में बहेरा टोला से कतरहवा टोला तक विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने बदहाल सड़क से लोगो को निजात दिलाने के लिए अपने निजी खर्च से सड़क बनवाया। सड़क की बदहाली के कारण दुर्घटना होते रहती थी।

इसे लेकर सेलारी के लोगो की मांग पर विधायक ने त्वरित संज्ञान लेते हुए अपने निजी खर्च पर गुरुवार को सड़क की मिट्टी मोरम डलवाकर मरम्मत कराई जिसे महिला समूह की महिलाओं ने खुद से रहकर अच्छी तरह से अपने देख रेख मे सड़क मरम्मती कार्य पूर्ण करवाई। सड़क की मरम्मती हो जाने से ग्रामीणों मे हर्ष का महौल देखा गया। वही महिला समूह की महिलाओं ने विधायक को आभार प्रकट की।

इस दौरान विधायक ने कहा कि कोरोना काल में विकास कार्य प्रभावित हुआ था, उसे मैं पूरा करने का भरपूर प्रयास कर रहा हूं। विधानसभा क्षेत्र के एक एक समस्या का समाधान कर रहे हैं। उन्होंने कहा पांकी विधानसभा क्षेत्र का कोई भी गांव सड़क विहीन नहीं रहेगा। बेहतर पथ से लोगों का आवागमन सुलभ होगा। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष संजय चंद्रवंशी, अधिवक्ता लाला यादव, समाजसेवी कमेश यादव, डॉ मनोज सिंह, मनीषा देवी, ललिता देवी, रेनू देवी, ममता देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सांसद ने संसद में पलामू क्षेत्र में उद्योग व कल कारखाना स्थापित करने का मामला उठाया

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत क्रमशः पलामू एवं गढ़वा जिला में उद्योग, कल-कारखाना स्थापित करने संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। सांसद राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिलें यथा पलामू एवं गढ़वा आकांक्षी जिलों की श्रेणी में आते है। आप जानते हैं कि आकांक्षी जिलों में आने का ही मतलब होता है कि इन दोनों जिलों का जितना विकास होना चाहिए उतना नहीं हुआ है। पुरे झारखंड राज्य में मात्र यही एक (अनुसूचित जाति) के लिए सुरक्षित संसदीय क्षेत्र है। इस क्षेत्र में सबसे बडी समस्या रोजगार के अभाव में पलायन की है। इस मामले को मैं वर्ष 2014 से ही इस सदन में उठाते रहा हूँ। परन्तु आज तक एक भी उद्योग, कल-कारखाना नहीं लगा है। दुर्भाग्यवश एक जपला सीमेंट फैक्ट्री थी वह भी बंद हो चुकी है। यहां के लोग बडे पैमाने पर रोजगार के अभाव में दूसरें राज्यों में जाकर मजदूरी करने के लिए विवश है और पलायन कर रहे है। सबसे दुर्भाग्य की बात तो यह है कि पलामू संसदीय क्षेत्र खनिज पदार्थों से भरपूर है यहाँ पर कोयला प्रचुर मात्रा में है। इसके अलावा ग्रेफाइट है, लाइम स्टोन है बगल के जिला लोहरदगा में बाक्साइट है। ये बाक्साइट मेरे दोनों जिलों से होकर मिजार्पुर जाता है जहाँ अल्युमिनियम की फैक्ट्री लगी है। गढ़वा जिला में भवनाथपुर थर्मल पावर प्लांट बनाने की जमीन भी उपलब्ध है, कोयला भी है, सोन नदी का पानी भी है, मानव संसाधन भी है सभी सुविधाएं उपलब्ध है। अल्युमिनियम का कारखाना भी लगाया जा सकता है सांसद ने केंद्र से मांग किया कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत उद्योग, कल-कारखाना स्थापित कराने की कृपा की जाय, ताकि इस क्षेत्र में पलायन की समस्या को रोका जा सके।

## सभी अनुमंडल पदाधिकारी निरीक्षण का रिपोर्ट जिला को भेजे : उपायुक्त

### चेक पोस्ट बनाकर, ट्रेंच खोदकर हर हाल में अवैध खनन रोकें

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में डीसी रंजन ने सभी अंचलाधिकारियों व थाना प्रभारियों से कहा कि आप सभी अपने क्षेत्र अंतर्गत वैसे नदी को चिन्हित करें जहां से अवैध बालू का उठाव होता है, उसके पश्चात उस रुट में चेक पोस्ट स्थापित कर वहां से आवागमन कर रहे प्रत्येक वाहनों की एंट्री रजिस्टर में सुनिश्चित करें साथ ही आवश्यकता अनुरूप नदी से निकलने वाले रास्ते के बीच ट्रेंच खोदकर रास्ता को भी अवरोध करें या अपने स्तर से कोई अन्य कार्रवाई करें लेकिन यह सुनिश्चित करें कि आपके क्षेत्र अंतर्गत कहीं भी किसी प्रकार का कोई अवैध खनन न हो पायें। उन्होंने एनजीटी के नियमों का अक्षरशः पालन कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी एसडीओ, सीओ व थाना प्रभारियों से अपने क्षेत्र अंतर्गत अवैध खनन के प्रति पूरी गंभीरता के साथ कार्य करने की बात कही।

**मेदिनीनगर।** जिले में अवैध खनन पर रोकथाम को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक की गयी। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में सर्वप्रथम बैठक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने अवैध खनन पर किये गये कार्रवाई से उपायुक्त रंजन को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि 28 जून से लेकर 25 जुलाई तक अवैध खनन से जुड़े कुल 55 वाहनों को जब्त किया गया है वहीं जुमार्ने के रूप में 32.78 लाख रूपए की वसूली की गयी है साथ ही कुल 42 राजसात केस दायर किये गये हैं। जब्त 55 वाहनों में 42 वाहन अवैध बालू के परिवहन से जुड़े है जबकि 13 वाहन अवैध पत्थर से जुड़े थे। सबसे अधिक 10 वाहनों की जब्ती चैनपुर थाना क्षेत्र से की गयी है। उपायुक्त ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी को उनके क्षेत्र अंतर्गत माइनिंग या बालू घाटों का निरंतर रूप से निरीक्षण करने की बात कही साथ ही प्रत्येक 15 दिनों में निरीक्षण का समेकित रिपोर्ट यथा कितनी कार्रवाई की गयी, कितनी प्राथिमिकी दर्ज की गयी, कितने वाहन जब्त हुए ये सारे बिंदुओं पर प्रतिवेदन जिला को देने की बात कही। मौके पर एसपी रीष्मा रमेसन, अपर समाहर्ता, एसडीओ, एसडीपीओ सभी सीओ व थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

### गोरियवटा में कुकही नदी पर पुल निर्माण की स्वीकृति मिली

## पुल बनने से कई गांवों को होगा लाभ : कमलेश

खबर मन्त्र संवाददाता



कमलेश कुमार सिंह।

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की सभी महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कों व पुल पुलिया का निर्माण कराया जा चुका है। कुछ पर कार्य चल रहा है। हैदरनगर के सुदूरवर्ती गांव गोरियवटा छठ घाट के पास कुकही नदी पर पुल निर्माण कार्य की मांग लगातार ग्रामीणों के द्वारा की जा रही थी। इस पुल का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को पांच किलो मीटर घूम कर गांव में आना जाना पड़ता है। पुल का निर्माण हो जाने से गोरियवटा गांव की दूरी दो किलो मीटर हो जायेगी। इस पुल को स्वीकृति मिलने से गोरियवटा के ग्रामीणों की सबसे बड़ी समस्या का समाधान हो गया है। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसे स्वीकृति प्रदान कर दी है। सिंह ने कहा है कि वह लगातार क्षेत्र की समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करते हैं। जनता से उन्होंने जो वादा किया था, उसे पूरा करना उनका दायित्व है। उन्होंने कहा कि जनता से किया गया वादा पूरा कर उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराने में उन्हें काफी खुशी होती है। उन्होंने कहा कि कुकही नदी पर पुल निर्माण हो जाने से गोरियवटा दहपर गांव के अलावा अन्य कई गांव के लोगों को लाभ होगा। बड़ी सड़कों के बाद अब गांव की छोटी छोटी सड़कों का निर्माण कराने की दिशा में वह आगे बढ़े हैं। ग्रामीण कार्य विभाग से हुसैनाबाद की अन्य कई सड़कों को भी स्वीकृति दिलाई गई है। विधायक ने बताया कि जल्द ही निविदा निकलने के बाद सड़कों व पुल का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह प्रयास कर रहे हैं, जल्द ही बचे हुए कार्यों को भी धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया है की वह निर्माण कार्यों पर नजर रखें, अगर निर्माण कार्यों में गड़बड़ी होती है तो तत्काल सूचना दें, कार्रवाई की जायेगी। निर्माण कार्यों में किसी के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। हर हाल में निर्माण करा रहे लोगों को गुणवत्ता का ख्याल रखना होगा।

## बीस क्विंटल महुआ और 50 लीटर शराब बरामद जब्त



**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के अकौनी गांव में शुक्रवार को उत्पाद विभाग और पथरा ओपी पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी कर जंगल और पहाड़ी इलाके के झाड़ी में छुपाकर चलाए जा रहे शराब की भट्ठी को ध्वस्त किया गया। वहीं छापेमारी में करीब 20 क्विंटल जावा महुआ तथा 50 लीटर निर्मित महुआ शराब बरामद किया गया। इस संबंध में पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अकौनी गांव में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान शराब, जावा महुआ तथा शराब बनाने का उपकरण बरामद किया गया। इसे झाड़ी में छुपाकर तथा जमीन में गाड़ कर प्लास्टिक के ड्रम में रखा गया था। हालांकि इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। छापेमारी दल में एसआई देवीलाल सोरेन, एएसआई अनूप प्रकाश सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

## सांसद बीडी राम ने बजट चर्चा मे लिया भाग

सांसद ने कहा, वितमंत्री ने पीएम के नेतृत्व मे विकसित भारत की आधारशीला वाला बजट पेश किया

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने 2024-25 के आम बजट के चर्चा में भाग लिया। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी का भी आभारी हूं जिन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की आधारशिला रखने वाला बजट पेश किया है। राम ने कहा कि यह बजट को सम्पूर्णता में देखने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट सर्व-स्पर्शी और सर्व समावेशी तथा गरीब, महिला, युवा एवं अन्नदाता वर्ग के कल्याण के साथ-साथ उद्योगों एवं इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूती देने वाला दूरदर्शी बजट है। इस बजट में मातृशक्ति के आगे बढ़ने की अमिट छाप है तो कृषि विकास एवं किसानों की खुशहाली का आधार भी। इसमें नौजवानों को आगे बढ़ने के लिए खुला आसमान है तो गरीबों के चेहरे पर लाने वाली मुस्कान भी। यह बजट आत्मनिर्भर भारत की ऊर्जा से ओतप्रोत और रोजगार सृजन के प्रति समर्पित है। उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

### अनुसचिवीय कर्मचारियों का हड़ताल पांचवें दिन भी जारी, निकाला मार्च



मेदिनीनगर। झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ शाखा पलामू का राजव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल के तहत पांचवें दिन भी कर्मचारियों ने अपनी एकजुटता का परिचय देते हुए समाहरणालय परिसर में मार्च निकालकर सरकार विरोधी नारे लगाये। इस हड़ताल का समर्थन पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता एवं डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने धरना स्थल पर पहुंचकर किया है। विधायकद्वय ने इनकी मांगों को गभीरता पूर्वक सुनते हुए आश्वासन दिया कि विधानसभा पत्र में आपकी समस्या को उठाया जायेगा। संघ के अध्यक्ष रंजय कुमार सिंह ने कहा कि यह सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है। हड़ताल के पांचवें दिन बीत जाने के बावजूद भी सरकार अपनी अड़ियल रवैया पर अडिग है। हमसभी कर्मचारी भी अपनी मांगों को पूरा कराकर ही दम लेंगे। इसके लिए जो भी परिणाम भुगतना होगा उसके लिए हमसभी तैयार हैं। इस मौके पर मो शकील, संजय प्रसाद, देवेंद्र कुमार, अमरेश कुमार सिंह, सुशील तिवारी, मनीष कुमार सिन्हा, आशुतोष पांडेय, सूरज कुमार, चंदन कुमार, सुप्रिया लकड़ा, अनामिका कुमारी, अनिल कुमार गुप्ता, विवेक कुमार समेत कई लोग शामिल थे।

### शराब दुकान में धांधली व शहर में हीरोइन से बढ़ते अपराध पर सभी राजनीतिक दल हुए गोलबंद



हुसैनाबाद पलामू। शहर में शराब दुकान के द्वारा एमआरपी मूल्य से अधिक रुपये में शराब बेचने से बाज नही आ रहे हैं। दुकानदार वहीं पब्लिक अब इन मुद्दों पर स्थानीय नेताओं को भी कोसने लगी,इधर बीते दिनों अनुमण्डल कार्यालय में सभी राजनीतिक दल के नेताओ ने गोलबंद होकर एक स्वर में हुसैनाबाद एसडीएम पीयूष सिन्हा से शहर में शराब दुकान के अधिक पैसा लेने व जनता से जबरन धांधली करने समेत शहर में हीरोइन जैसे नशे से बर्बाद होते युवाओं तथा इसके कारण शहर में चोरी,लूट जैसी घटनाओं को बढ़ोतरी पर सभी लोगो ने आवाज उठाया। साथ ही एसडीएम से तत्काल इन दोनों मुद्दों पर कार्रवाई करने की मांग की गई। ताकि शहर में अमन चैन बना रहे और अपराध नही बढ़े। भाजपा नेता अजय प्रसाद गुप्ता ने कहा कि शराब दुकान केवल ग्राह्रक को चुना नही लगा रहा है बल्कि सरकार के राजस्व भी चोरी कर रहा है। उन्होंने कहा कि सेल्स मैन 3%कमीशन प्लस अन्य चढ़ावा के नाम पर खुलयाम धांधली करते हैं। वहीं दूसरी तरफ शहर में लगातार हिरोंची की संख्या पर चिंता व्यक्त किया गया। चूंकि हेरोइन सीधे मानव मस्तिष्क में उन्हें इसे छोड़ना बेहद मुश्किल लगता है। जिससे शहर में अपराध बढ़ सकता हैं। इस पर एसडीम पीयूष सिन्हा ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच कराने एवं शराब दुकान पर रेट चाट टंगवाने,एवं हिरोंची के लिए थाना प्रभारी से टीम गठित कराने की बात कही। मौके एनसीपी से विनय पासवान, विजय राजवंशी, कांग्रेस नवल किशोर पाठक, बसपा के अजय भारती, राजेश कर्ण, ओम सिंह, सुनील गुप्ता, झमुमो से राजेश कुमार सिंह, राजद के खुर्शीद खां एवं सुदेश्वर राम आदि उपस्थित थे।

## डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया पौधरोपण

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** नावाडीह कला में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने अपने हाथों से 51 इमारती और फलदार पौधा लगाया। चंद्रवंशी भाजपा कार्यकर्ताओं को भी पौधारोपण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए पौधारोपण और उनका संरक्षण बेहद जरूरी है। पेड़ पौधे नही होने के कारण भयावह गर्मी पड़ रही है, नदिया सुख रही है, हजारों जीव, जंतु प्रतिदिन पानी नही होने के कारण मृत्यु हो रही है। उन्होंने कहा कि सभी लोग पांच पांच पौधा लगाएं तो लाखो पौधे लगाया जा सकता है और पर्यावरण को संतुलन बनाया जा सकता है। साथ ही बारिश की संभावनाएं काफी बढ़ सकता है।

मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव, भाजपा नेता धीरेन तिवारी, सुऐब शाह, असलम बहादुर सहित कई लोग मौजूद थे। चंद्रवंशी ने लोगों को सामूहिक रूप से पौधारोपण और संरक्षण का संकल्प दिलवाया।

## बिना दबाव अबुआ आवास के योग्य लाभूकों का करें चयन : अमित झा

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन पलामू।** प्रखंड कार्यालय में पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ने अबुआ आवास को लेकर बैठक किया। बैठक में पाटन के सभी पंचायतों के मुखिया एवं पंचायत सचिव उपस्थित थे। बैठक में बीडीओ ने कहा कि सरकार के द्वारा अबुआ आवास का सेकेंड टारगेट जो पंचायत वार किया गया है उसमें ग्राम सभा के द्वारा योग्य लाभुकों का चयन करना है। उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता होनी चाहिए। बिना किसी के दबाव के योग्य लोगों का चयन करना है। ग्राम सभा में सुचि में जिनका नाम है उन्हें पुरे दस्तावेज के साथ बुलाकर चयन करना है। बैठक में मुखिया मनोज कुमार, प्रतिमा देवी, अजय कुमार, बीपीन, गुडु यादव, सुमन गुप्ता, शीव साव, हरेंद्र सिंह, जैनुल सिद्दीकी, अखिलेश पासवान, शिवम, अहमद हुसैन, विनय शर्मा, सुरेश सिंह, पुजा, नन्दलाल, मिथलेश सिंह, पियुष, भोला, पुरुषोत्तम वैद्य उपस्थित थे।

## युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करना मुख्य उद्देश्य : कर्नल संजय

### कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजितः पूर्व सैनिकों ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता





**हुसैनाबाद (पलामू)।** जपला स्थित टाउन हॉल में पूर्व सैनिक सेवा परिषद् हुसैनाबाद इकाई के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस समारोह मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता कैप्टन दुखन सिंह चन्द्रवंशी तथा संचालन पूर्व सैनिक सुधीर कुमार सिंह ने किया।

इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी पियूष सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि बीडीओ रौशन कुमार जी उपस्थित रहे। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलित भारत माता वंदन एवं शहीद जवानों को पुष्प अर्पित करते हुए वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के साथ की गई। इस दौरान वीर शहीदों को याद किया गया। संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने वीर शहीदों का गुणगान किया। संगठन संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने इस तिथि का महत्व बताया कि 26 जुलाई को भारतीय सेना ने पाकिस्तानी घुसपैठियों को भारतीय सीमा से खदेड़ कर उनके कब्जे से हमारी धरती को मुक्त किया था। उन्होंने कहा कि हम सभी पूर्व सैनिक मिलकर हुसैनाबाद के युवाओं को भारतीय सेना में जाने के लिए मार्गदर्शन कर रहे हैं हमारा प्रयास है कि हरेक छात्र छात्राओं के अंदर राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत हो उन्होंने सभी छात्रों को एक सैनिक की तरह सदैव तत्पर रहने की सलाह दी। मुख्य अतिथि पियूष सिन्हा ने शहीदों को नमन करते हुए पूर्व सैनिकों को धन्यवाद दिया। रौशन कुमार ने पूर्व सैनिक सेवा परिषद् को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। कार्यक्रम के दौरान हुसैनाबाद के बून पब्लिक स्कूल, श्री मां बाल विकास विद्यालय, +2 बालिका उच्च विद्यालय, दक्ष पब्लिक स्कूल एवं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के स्कूली बच्चों के द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। संगठन के अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह ने कहा कि हमारी संस्था इस छोटे से कार्यालय से केवल पूर्व सैनिकों का ही नहीं बल्कि समस्त समाज हर वर्ग के लोगों को पेंशन से जुड़ी समस्याओं का समाधान कर रही हैं। मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन पासवान, ग्यासुद्दीन सिद्दीकी रामप्रवेश सिंह, मयंक कुमार सिंह, मुखिया नरेंद्र ठाकुर, आत्मेश कुमार सिंह उर्फ डबलु सिंह जितेंद्र सिंह कुशवाहा, सीता राम सिंह संजय सिंह, शैलेश कुमार, आराधना सिंह बबीता सिंह वीर नारी प्रेम लता कुंअर शिवपति कुंअर पूर्व सैनिक सत्येंद्र शर्मा, सुरेश ठाकुर, अवध माली प्रसाद सिंह असर्फी पाल सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

## चेरो जनजातिय महासंघ के संगठन प्रतिनिधि व कार्यकर्ता की बैठक कल

### सम्मेलन में कई राज्यों के दिग्गज होंगे शामिलः हृदया सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय चेरो जनजातिय महासंघ झारखंड प्रदेश इकाई के संगठन प्रतिनिधि, कार्यकर्ता व चेरो समाज के प्रबुद्धजनों का सम्मेलन 28 जुलाई रविवार को को पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में आयोजित की गई है। इसकी जानकारी महासंघ के पलामू राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी हृदया सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह यूपी दूधी के पूर्व विधायक हरेराम सिंह चेरो, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डा वीरेंद्र कुमार डेहरी बिहार, राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो, बिहार, छतीसगढ़, यूपी, पश्चिम बंगाल आदि जगहों से चेरो समाज के प्रमुख लोग समेत कई दिग्गज शिरकत करेंगे। उन्होंने जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी व प्रबुद्धजनों समेत सभी चेरो समाज के लोगों से सम्मेलन में काफी संख्या में भाग लेकर सफल बनाने की अपील की है।

स्पीड न्यूज

## पिस्टल एवं रिवाल्वर में आरक्षी हरिनारायण ने लाया प्रथम स्थान एसपी ने दी शुभकामनाएं


सम्मानित करते एसपी।

**लातेहार।** पलामू क्षेत्रीय पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता 2024 में संगठन सचिव पुलिस अधीक्षक गढ़वा के द्वारा बोकारो में आयोजित किया गया जिसमें पलामू ऑल ओवर विजेता रहा एवं लातेहार उपविजेता रहा पिस्टल एवं रिवाल्वर में आरक्षी 1042 हरिनारायण विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर लातेहार जिला का नाम रोशन किया। इस मौके पर लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने शुभकामनाएं देते हुए प्रशंसा की। और कहा कि किसी की भी प्रतिभा को निखारने के लिए अपने-अपने फील्ड में अत्यधिक परिश्रम और मेहनत की आवश्यकता है बिना मेहनत के किसी भी फील्ड में आप सर्वोत्तम नहीं हो सकते।

## साप्ताहिक जनता दरबार का हुआ आयोजन ग्रामीणों ने सुनाया समस्या


ग्रामीणों की समस्या सुनते अधिकारी।

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह के निदेर्शानुसार अपर समाहर्ता रामा रविदास की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को अपर समाहर्ता के समक्ष रखा। अपर समाहर्ता ने क्रम वार तरीके से सभी की समस्याओं को सुनकर जल्द से जल्द निदान को लेकर दिए कई आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन विवाद, मुआवजा, पेंशन, रोजगार आदि से संबंधित आवेदन आये जिसे अपर समाहर्ता ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

## अज्ञात ट्रेन के चपेट में आने से वृद्धा की मौत


फोरलेन ग्राम सभा।

**चंदवा।** बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी-चेतर के बीच पोल संख्या 187/22 के पास गुरुवार की रात्रि अज्ञात ट्रेन के चपेट में आने से एक वृद्धा की मौत हो गयी। मृतक वृद्ध महिला की पहचान अलौदिया पंचायत अंतर्गत सरलाही ग्राम निवासी गेंदवा तुरी की पत्नी भिखनी देवी के रूप हुई। स्थानीय लोगो के द्वारा सूचना दिए जाने के बाद चंदवा पुलिस शव को अपने कब्जे में ले लिए व अन्तःप्रेक्षण के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। हालांकि खबर लिखे जाने तक यह स्पष्ट नही हो पाया था कि वृद्धा ने आत्महत्या की है या फिर दुर्घटना की शिकार हुई है।

## मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत रोजगार मेला का होगा आयोजन

**बरवाडीह।** श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार तथा कौशल विकास मिशन सोसायटी के द्वारा सोमवार को बरवाडीह प्रखण्ड कार्यालय के प्रांगण में मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत प्रखण्ड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन पूर्वाहन 11:00 बजे से किया जाएगा। इस रोजगार मेला में युवाओं के शैक्षणिक योग्यता एवं हुनर के अनुसार रोजगार मुहैया कराया जाएगा। बरवाडीह प्रखण्ड के सभी युवक-युवती से आग्रह है कि रोजगार मेला में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे और अपने उज्जवल भविष्य को साकार करें।

## 200 बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को दिव्यांग बच्चों के लिए शिविर का आयोजन आयोजन किया गया। जिसमें एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों से आए बच्चों का स्वास्थ्य जांच के अलावा यूडीआईडी कार्ड बनाने हेतु कार्य किया गया। आयोजित कैम्प में बालूमाथ, बारियातु, हेरहंज प्रखंड के 200 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें हड्डी रोग 37 बच्चा, मानसिक रोग लिए 20 बच्चा, कान के लिए एक, नेत्र रोग से ग्रसित एक बच्चा पाया गया। जिसके बाद सभी बच्चों का यूआईडी बनाया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी प्रकाश बड़ाईक ने बताया कि बच्चों की स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें रांची में मेडिकल की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर डॉक्टर सुदामा प्रसाद, पवन कुमार, सुरेंद्र कुमार, सरवन कुमार, कमलेश चंद्र, पंकज दास ऑपरेटर सबीना प्रवीण समेत कई लोग उपस्थित थे।

# रोजगार मेला का हुआ आयोजन, 29 कंपनियां हुई शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला नियोजन कार्यालय लातेहार के द्वारा शुक्रवार को जिला खेल स्टेडियम परिसर लातेहार में दत्तोपंत ठेंगढ़ी रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेला का विधिवत रूप से उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। दत्तोपंत ठेंगढ़ी रोजगार मेला में स्थानीय नियोजको के साथ जिले के बाहर से भी नियोजनको ने विभिन्न प्रकार के रिक्तयों के साथ भाग लिया। इस दौरान उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि आज नियोजनालय लातेहार के सौजन्य से रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को उनके अभिरुचि एवं शैक्षणिक योग्यता के अनुसार नौकरी प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि आज के समय में नौकरी व रोजगार की बहुत समस्या हो गई है। आज यहां पर 29 कंपनी आई है। आप सभी अपनी अभिरुचि एवं योग्यता के अनुसार स्टॉल में जाएं और नौकरी हेतु आवेदन करें। जिला नियोजन पदाधिकारी ने



कार्यक्रम को संबोधित करती डीसी।

बताया कि नियोजनालय द्वारा समय-समय पर रोजगार मेला भर्ती-कैम्प का आयोजन किया जाता रहा है। ताकि बड़ी संख्या में पढ़े-लिखे, योग्यता प्राप्त बेरोजगारों को निजी क्षेत्र में नौकरियां मिल सके, यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। इस रोजगार मेले में 29 नियोजकों ने भाग लिया। नियोजक एवं नियोजक प्रतिनिधि के द्वारा भी अपने संस्थान के बारे में आवेदको को बताया गया। इस रोजगार मेला में लगभग 700 अभ्यर्थि उपस्थित हुए।

जिसमें 136 अभ्यर्थियों का चयन किया गया तथा 206 अभ्यर्थियों को शॉट लिस्ट किया गया है। मौके पर उपायुक्त के द्वारा 10 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। अभ्यर्थियों के हित को देखते हुए भविष्य में भी रोजगार मेला एवं भर्ती कैम्प का आयोजन जिला नियोजनालय लातेहार के द्वारा लगाया जाएगा अभ्यर्थियों से अनुराध किया गया है की नियोजनालय से जुड़ कर नियोजनालय के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ अधिक से अधिक उठाएं। इस रोजगार मेले में जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, नियोजनालय कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थें।

# डीसी गरिमा सिंह ने किया 15वीं संभाग स्तरीय कुश्ती खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जवाहर नवोदय विद्यालय लातेहार के सांस्कृतिक कला केंद्र में झारखंड, बिहार और बंगाल के स्कूलों से आए विभिन्न नवोदय विद्यालय के प्रतिभागियों के बीच दो दिवसीय संभाग स्तरीय कुश्ती खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ डीसी गरिमा सिंह के द्वारा किया गया। उपायुक्त का स्वागत प्राचार्य प्रदीप कुमार सिंह के द्वारा पुष्पगुच्छ प्रदान कर किया गया एवं बालिकाओं ने आकर्षक स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डीसी गरिमा सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वागत वक्तव्य प्राचार्य प्रदीप कुमार सिंह के द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य ने अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में आए सभी पदाधिकारियों और अतिथियों


कार्यक्रम में डीसी का स्वागत करते शिक्षक।

का स्वागत किया और नवोदय विद्यालय की उपलब्धियों को बताया। इसके बाद माइग्रेशन से आए आसाम की बच्चियों ने बिहू नृत्य प्रस्तुत किया। आसामी नृत्य के द्वारा बच्चियों ने सभी का मन मोह लिया। इसके बाद बच्चियों के द्वारा नवोदय गीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि डीसी गरिमा सिंह ने अपने वक्तव्य के दौरान बताया कि विद्यालय का रिजल्ट सभी शिक्षकों के परिश्रम का परिणाम होता है साथ ही उन्होंने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी आवश्यक है। बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए उपायुक्त ने शुभकामनाएँ दी और अध्यापकों से अपने सर्वोत्तम प्रस्तुत करने का आग्रह किया। अपने वक्तव्य के बाद डीसी गरिमा सिंह ने कार्यक्रम के प्रारंभ की घोषणा की। कार्यक्रम की शुरूआत में बजरंगबली की पूजा कर व नारियल फोड़कर की गई। इसके बाद प्रतिभागी बच्चों के द्वारा खेल का शपथ ग्रहण किया गया। इस कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक सुखराम भगत, कमलेश कुमार मिश्र, पी पी मंडल, बी के दुबे, उपेंद्र सिंह, मीनाक्षी कुमारी, संदीप ओझा एवं अन्य सभी शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम की रूपरेखा खेल शिक्षक एस एस यादव और करण कुमार राउत ने बनाई। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु गढ़वा के कुश्ती प्रशिक्षक अपनी टीम के साथ उपस्थित थे। सुमंत कुमार साव ने मंच का संचालन किया। इस अवसर पर सदर अस्पताल लातेहार के डॉक्टर और कर्मचारियों के द्वारा चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए नवोदय विद्यालय के प्रांगण में प्राथमिक उपचार केंद्र भी लगाया गया है।

एक नजर में

## लातेहार सिविल सर्जन ने बालूमाथ में संचालित अवैध नर्सिंग होम का किया औचक निरीक्षण


जांच करते सीएस।

**बालूमाथ।** बालूमाथ एवं बरियातू प्रखंड में इन दोनों अवैध नर्सिंग होम धड़ले से संचालित है। इसकी सूचना लातेहार सिविल सर्जन डॉक्टर अवधेश कुमार सिंह को मिलने पर उन्होंने गुरुवार की शाम बालूमाथ टमटम टोला में स्थित एम. एस नर्सिंग होम एवं श्री नर्सिंग होम पहुंचे।जहां सिविल सर्जन के आने की सूचना अवैध नर्सिंग होम के संचालक को पूर्व में मिल जाने के कारण उन लोगों ने अपना अपना सटर बंद कर फरार हो गया। उसके बाद सिविल सर्जन बालूमाथ भुनेश्वर साहू के कॉम्पेक्स परिसर में संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर पहुंचे जहां अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालक फरार हो गया। जिसके बाद सिविल सर्जन बरियातू पहुंचे जहां एक नर्सिंग होम संचालक ने शटर गिराकर बोर्ड में चादर ढक दिया। सिविल सर्जन के वापस जाने के बाद शुक्रवार को कई नर्सिंग होम पुनः खुल गया। सिविल सर्जन द्वारा किए गए छापेमारी अभियान में एक भी अवैध नर्सिंग होम संचालक की जांच ना होना कई प्रश्नों को जन्म देता है। की सूचना कैसे पहले से नर्सिंग होम संचालकों को मिल गई। ज्ञात हो की बालूमाथ एवं बरियातू में आधा दर्जन से अधिक अवैध नर्सिंग होम संचालित है। अवैध नर्सिंग होम में बिना सर्जन बिना एनेस्थीसिया के ही सिजेरियन ऑपरेशन धड़ले से किया जा रहा है। जिसमें अभी तक आधा दर्जन से अधिक लोगों की जान जा चुकी है।

## मनरेगाकर्मियों ने बारियातू में किया औचक निरीक्षण


निरीक्षण करते मनरेगा कर्मी।

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय मे झारखंड अनुसूचीय कर्मचारी संघ राज्य इकाई के निदेर्शानुसार अनिश्चित कालीन हड़ताल पर गए मनरेगा कर्मियों ने औचक निरिक्षण किया। मीडिया प्रभारी पंकज शाहदेव ने बताया की 22 जुलाई से राज्य के मनरेगा कर्मचारी संघ के तत्वाधान मे 24 जिलों मे नौ सूत्री की मांग किया गया है। झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ वेतनमान और अस्थाई करण की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। इसमें लातेहार भी सम्मलित है. इसी क्रम मे हमलोग लातेहार होते हुए हेरहंज, बालूमाथ, बारियातू व चंदवा का औचक निरिक्षण करते चल रहे हैं। निरिक्षण मे यह पता कर रहे हैं की कौन कर्मी यहाँ आ रहे हैं जा रहे हैं। हमलोग चाहते हैं की नौ सूत्री मांग मे सरकार और प्रशासन हमलोग को सहयोग करे मांग और डिमांड सरकार तक आसानी से पहुँच सके। वहीं बारियातू प्रखंड कार्यालय का औचक निरिक्षण भी किया गया। मौके पर मनोज कुमार पासवान, सच्चिदानंद कुमार, पंकज शाहदेव, राजा राम सिंह, अरुण कुमार, आशीष कुमार, बिनोद राम सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

# सूदखोरों के डर से खलारी के कई घरों में लटका ताला




➲ गरीब आदिवासी, असहाय महिलाओं को सूद में लोन देकर करते है अपमानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** प्राइवेट लोन दाताओं के टार्चर से प्रखंड के अनपढ़, आदिवासी, दलित सहित अन्य महिलाओं का जीना मुहाल हो गया है। खलारी सहित अन्य गांव टोला से परिवार के कई घर सूदखोरों के डर और अपमानित करने की भय से बेघर हो गये। लोन सूदखोरों की टार्चर,धमकी की दस्ताये गरीब अनपढ़ महिलाओं ने अपनी आपबीती में बताया कि लोन सूदखोर पहले महिला समूह के कुछ चुनिन्दा महिला को पकड़ते है। उसके बाद महिला जरूरत मंद महिलाओं को पकड़ते है। उसके बाद लोन सूदखोरों का एंट्री होती है। सूदखोर कई तरह के प्राइवेट फाइनेशर कंपनी का एजेंट बताकर गरीब महिलाओं को फसते है। लोन के रूप में सूदखोर सिर्फ महिलाओं को आधारकार्ड ही लेते है। उसके बाद सूदखोर ऋणी महिला का पासबुक मंगाकर उसके एकाउंट में पैसा ट्रांसफर कर देता है। सूदखोर लोन देने समय दलित आदिवासी महिलाओं को कोई परेशानी या किसी भी तरह का टार्चर नही दिया जाएगा। जिसमे सूदखोर ये बताता है कि आप छः महीने तक अपना रकम भर सकते है। लेकिन लोन देने के एक महीना के बाद सूदखोर का जुल्म दस्ता शुरू हो जाती है। लोन सूदखोर ऋणी महिलाओं को कोई भी समय पर दिन हो या रात हर समय फोन कर धमकाते रहते है। उसके बाद किसी के घर में कोई समस्या आ गया हो तो भी लोन सुधखोरो ने घर में आकर बेटी बहु को दिनदहाड़े उठाने की धमकी देते है। कई ऋणी महिला इन सुधखोरो के आतंक से तंग आकर अपना घर छोड़कर भाग गए है। आरबीआई के गाईड लाइन का धजिया उड़ाते हुए। इन प्राइवेट सूदखोरों का आतंक बढ़ रहा है। जिस पर कोइ नकल कसने की हिम्मत तक नही दिखते है। इस तरह से प्रत्येक ऋणी घर की महिलाएं हाइपरटेंशन से आत्महत्या करने पर मजबूर होने पर विवश होने की संभावना बढ़ता जा रहा है।

**इन प्राइवेट सूदखोर कर दाताओं का नाम**

अनपूर्णा माइक्रो फाइनांस,सेटिंग माइक्रो फाइनान्स, सोनाटा माइक्रो फाइनांस, आरबीएल माइक्रो फाइनान्स, प्रगति माइक्रो फाइनान्स, असबंधना माइक्रो फाइनान्स, समस्था माइक्रो फाइनान्स, मिडलैंड माइक्रो फाइनान्स,उत्कर्ष माइक्रो फाइनान्स, भारत फाइनेंस, महिंद्रा कोटेक, यूनिटी माइक्रो फाइनान्स, स्वतंत्र माइक्रो फाइनान्स, ग्रामीण कोटा फाइनान्स सहित अन्य माइक्रो फाइनेंस का जाल पूरे खलारी प्रखण्ड में फैला हुआ है।

**प्राइवेट सूदखोरों पर जल्द एक्शन लिया जाएगा : डीएसपी**

वही इस संबध में खालरी डीएसपी आरएन चौधरी ने कहा कि इन सभी प्राइवेट सूदखोर पर जल्द ही नकल कसा जाएगा। आरबीआई के गाइडलाइंस के हिसाब किसी भी ऋणी को अपमानित, या धमकी देने का रूल नही है। जल्द ही एक्शन लिया जाएगा।

## कुडू से उदयपुरा फोरलेन सड़क निर्माण को लेकर आमसभा


बहिस्कार करते रैयत।

**चंदवा।** स्थानीय प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार मे शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या -75 (पैकेज-1) कुडू से उदयपूरा सेक्शन के 59 किमी फोरलेन सड़क निर्माण को लेकर चंदवा अंचल के अंतर्गत जमीन अधिग्रहण से सम्बंधित भू धारकों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के प्रतिनिधि विनय कुमार पांडेय, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, भू अर्जन के अमीन अजय कुमार विश्वकर्मा उपस्थित थे। बैठक मे फोरलेन सड़क निर्माण से प्रभावित हो रहे सिंकनी, सांसग, एटे, रूद, चिरो, लूकुइया, बोरसीदाग, हुटाप, अमझरिया, लाधूप, टूढाम, पिरदाग, तोरार, बेरगढा, सेन्हा और नावाडी के सैकड़ो रैयत पहुंचे थे। उपस्थित अधिकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण हेतु रैयतों से जमीन देने की अपील कर सहयोग की बात कही। बैठक में जमीन के एवज मे मुआवजा राशि की घोषणा गांव वार जैसे ही बताना शुरू किया गया तो सारे रैयत इसका विरोध करने लगे। और बैठक का बहिस्कार कर दिया। इसके बाद वहाँ मौजूद अधिकारीयों ने उनके विरोध का कारण पूछा और रैयतो को अपनी बात कहने को कहा। फिर रैयतो ने मीटिंग हाल से बाहर निकल कर अपनी बात रखने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल का चुनाव किया। प्रतिनिधि मंडल मे रामयश पाठक, लाल रणविजय नाथ शाहदेव, सतेंद्र प्रसाद यादव को चुना गया। इसके बाद पुन: सभी रैयत मीटिंग हाल मे गए। रैयतो की ओर से रामयश पाठक ने कहा कि हमारी तीन मांग है जिसमे हाल सर्वे त्रुटि का निवारण, हमारी जो जमीन राष्ट्रीय राज्य मार्ग के लिए प्रस्तावित है उसे सुधार के बाद ही उसका अखबार गजट किया जाए तथा मुआवजा का दर रैयतो के सहमति के बाद तय हो फिर मुआवजा का भुगतान हो। तभी हम सभी जमीन पर कार्य करने देंगे। इन मांगों का सभी रैयतो ने पुरजोर समर्थन किया। गौरतलब हो की 20 सितम्बर 2023 से 5 अक्टूबर 2023 तक भू अर्जन के द्वारा रैयतो की बैठक बुलाई गई थी। उसमे भी यही तीन मांग के साथ बैठक का बहिस्कार कर दिया गया था। मौके पर सीआई ऋषिदेव कमल, राजस्व कर्मचारी महेश सिंह, राजेन्द्र कुजूर समेत बड़ी संख्या में रैयत मौजूद थे।

## मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के दिए निर्देश


निर्देशित करती उप निर्वाचन पदाधिकारी।

**बरवाडीह।** शुक्रवार को बरवाडीह प्रखण्ड कार्यालय सभागार में जिले की उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की के द्वारा मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं निर्वाचन से सबंधित कार्यों को गति देने को लेकर सभी पर्यवेक्षक एवं बीएलओ के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों व मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर जिले में हो रहे कार्यों की जानकारी से अवगत होते हुए मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का कार्य पूरी दक्षता के साथ ससमय संपन्न कराने का निर्देश दिया। जिसमें 1 अगस्त को अहर्ता मानते हुए 18 वर्ष पूर्ण हुए अधिक से अधिक नए युवाओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु फॉर्म छह भरने हेतु निर्देशित किया गया। अपसेन्ट, डेथ व सिफ्टेड, मतदाता को मार्किंग करते हुए फॉर्म सेवन भरने सभी बीएलओ को हाउस टू हाउस सर्वे करने और नाम, पता, जन्म तिथि एवं अन्य त्रुटि सुधार हेतु फॉर्म आठ भरने का निर्देश दिया गया। वहीं उन्होंने बीएलओ द्वारा किये जा रहे घर-घर सत्यापन के दौरान मृत मतदाता के नाम को हटाने में सभी से सहयोग करने की अपील की और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर साझा करने को कहा।

## एमएसीपी की मांग पर गोलबंद हुए जिले के शिक्षक



**लातेहार।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर 25 जुलाई 2024 को जिला खेल स्टेडियम लातेहार में एक बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम एसपीडी कि गलत बोल शिक्षक को चप्पल से पीटने की अमर्यादित बयान की कड़ी भर्त्सना की गई एवं बैठक में बेशर्म मरे हुए हंसते शिक्षकों की कड़ी निंदा करते हुए एसपीडी हटाओ हमारी अस्मिता लौटाओ आंदोलन का निर्णय लिया गया। एमएसीपी राज्य के समस्त शिक्षकों का चीर-प्रतीक्षित मांग है। राज्य के सभी कर्मियों एवं बिहार राज्य के शिक्षकों की भांति प्राथमिक, माध्यमिक, एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों को नियमानुकूल 10,20,30 वर्ष में संवर्धित सुनिश्चित वृद्धि उन्नयन दिए जाने की मांग सरकार से अजप्ता विगत दशको राजव्यापी आंदोलन के माध्यम से करते आ रहा है, फिर भी इस दिशा में सरकार से अब तक आश्वासन के अतिरिक्त कुछ हासिल नहीं हुआ। इसी के निमित्त अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर 5 अगस्त 2024 से राजभवन के समक्ष अपनी मांगे पूरी होने तक आमरण अनशन की घोषणा की गई है, जिसमें जिले के सभी शिक्षक संगठनों से अनुरोध किया गया कि प्रस्तावित आमरण अनशन में संगठन से ऊपर उठकर शिक्षक हित में एक जुटता दिखाते हुए तन मन धन से अपना समर्थन देते हुए आवाज दो हम एक हैं का शंखनाद एक स्वर बुलंद करें। इनकी अन्य प्रमुख मांगे ये है छठे वेतनमान के वेतन निर्धारण में व्याप्त विसंगति का निराकरण। विभिन्न ग्रेडों में लंबित प्रोन्नति का निस्तारण, शिक्षण कार्य में एनजीओ का हस्तक्षेप पर रोक। बैठक में जिला अध्यक्ष अमूल्य रत्न द्विवेदी, जिला महासचिव अजय कुमार, नरेंद्र पांडेय जिला अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ, संतोष कुमार प्लस टू शिक्षक संघ, सुरेंद्र पासवान, किरानी उरांव, सुरेंद्र प्रसाद यादव, कामिल नगेसिया, मुनेश्वर नगेसिया, निलेश कुमार, नीरज कुमार, शंकर पंडित, बसंत राम, कृष्ण देव भगत, विजय खलखो, रवि आनंद, पवन कुमार, सोमा नगेसिया, महबूब आलम, मो. शाहिद अनेकों शिक्षक उपस्थित होकर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर किये।

## सीआई से सीओ के पद पर प्रोन्नत हुए ऋषिदेव कमल, दी गयी भावभीनी विदाई

# सेवानिवृत हुई अनुसेविक को भी दी गयी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार प्रांगण में शुक्रवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जहां अंचल निरीक्षक पद से प्रोन्नत होकर देवघर देवीपुर अंचल के अंचलाधिकारी बने ऋषदेव कमल एवं चंदवा अंचल में लंबे समय तक सेवा देने के पश्चात सेवा निवृत्त हुई अनुसेविका शोभा देवी को भावभीनी विदाई दी गयी। सर्वप्रथम अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने उन्हें पुष्प गुच्छ प्रदान करने के उपरांत शॉल प्रदान कर सम्मानित किया, तत्पश्चात अधिकारी पश्चात प्रखण्ड व अंचल कर्मियों ने बारी-बारी से पुष्प गुच्छ देकर, माला पहनाकर व


विदाई देते लोग।

उपहार प्रदान कर अभिनंदन किया। इस मौके पर सीओ जयशंकर पाठक ने कहा कि चंदवा में अंचल निरीक्षक के पद पर रहते हुए ऋषदेव कमल ने अपने कुशल नेतृत्व का परिचय देते हुए अपने दायित्वों का बखूबी निर्वाहन किया है। इनका व्यवहार सहकर्मियों एवं अधिकारी के साथ काफी बेहतर रहा व हमेशा सहयोग के भावना से काम किये। चंदवा अंचल को इनकी कमी सदैव खलेगी। वहीं सीओ के पद पर प्रोन्नत हुये ऋषिदेव कमल ने कहा कि चंदवा अंचल में बिताया गया समय मेरे जीवन का बहुमूल्य समयों में रहा है, यहां काम करने के बाद काफी कुछ सीखने को मिला है, जिसका लाभ आने वाले भविष्य में अवश्य मिलेगा। वहीं सेवानिवृत्त अनुसेविका शोभा देवी ने कार्यकाल के दौरान अधिकारियों एवं सहकर्मियों से मिले स्नेह व सहयोग के लिए आभार जताया। विदाई समारोह का संचालन जन सेवक लव कुमार पासवान ने किया। मौके पर डुमारो मुखिया सुनीता खलखो, राजस्व कर्मचारी महेश सिंह, मुनेश्वर गंझू, तनवीर आलम, राजेन्द्र कुजूर, आफताब आलम, प्रेम एक्का, अमित प्रदीप तिर्की, प्रतिमा एक्का, रामनाथ यादव, सुशील कुमार, कुश कुमार, अमित गुप्ता, रोहित मेहता, बबलू गिरी समेत प्रखंड व अंचल कर्मी मौजूद थे।

